





निशातपुरा में कमर तक पानी, शबरी नगर में तीन फीट; स्कूल बंद, डैम-तालाबों का जलस्तर बढ़ा

# सात इंच बारिश में डूबी राजधानी, 50 से ज्यादा इलाके जलमग्न

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में रविवार रात से सोमवार दोपहर तक हुई करीब 7 इंच बारिश ने शहर की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। कुछ ही घंटों की तेज बारिश से 50 से ज्यादा इलाके जलमग्न हो गए।

निचली बस्तियों में घरों में पानी घुस गया, सड़कें डूब गईं और कई जगह यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। हालात को देखते हुए नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया। सबसे खराब स्थिति निशातपुरा के शिव नगर, गीता नगर और कल्याण नगर में रही, जहां कई जगह कमर से ऊपर पानी पहुंच गया। छोला के शबरी नगर में करीब तीन फीट पानी भर गया। सेमरा में करीब 200 मकानों के लोग जलभराव के कारण घरों में फंसे रहे। कोलार रोड, नारियलखेड़ा, करोंद, बैरसिया रोड, गांधी नगर, होशंगाबाद रोड, अयोध्या बायपास, रायसेन रोड और बैरागढ़ में भी भारी जलभराव हुआ।

### सड़कें डूबीं, यातायात प्रभावित

VIP रोड पर पेड़ गिरने से घंटों जाम लगा रहा। भोपाल-बैरसिया मार्ग पर ईंटखेड़ी पुल के ऊपर पानी आने से आवागमन रोकना पड़ा। कोलार क्षेत्र के कई अपार्टमेंट के बेसमेंट में पानी भर गया और दोपहिया वाहन पानी में फंस गए।

भारी बारिश के साथ शहर के प्रमुख जलाशयों का जलस्तर भी तेजी से बढ़ा। बड़े तालाब में दो फीट से अधिक, केरवा डैम में करीब तीन फीट, कलियासोत और कोलार डैम में करीब एक-एक फीट पानी की आवक हुई। बड़ा तालाब, छोटा तालाब और शाहपुरा सहित भोपाल की झीलें शहर की जल व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### प्रशासन ने संभाला मोर्चा

नगर निगम, जिला प्रशासन, जल संसाधन विभाग और आपदा प्रबंधन दलों ने संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाई। बाढ़ नियंत्रण कक्ष सक्रिय किया गया और जरूरत के अनुसार डीवाटरिंग पंप, फायर ब्रिगेड तथा बचाव दल लगाए गए। शहर में करीब 495 नाले, जिनमें 120 बड़े नाले शामिल हैं, जलनिकासी का प्रमुख माध्यम हैं। मंत्री विश्वास सारंग ने प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर नालों की सफाई के निर्देश दिए। प्रशासन ने लोगों से नालों में पॉलीथीन और कचरा नहीं डालने की अपील की।

### विदिशा में 17 लोग बाढ़ में फंसे, बेतवा का जलस्तर बढ़ा

मध्य प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी है। कई जिलों में नदी-नाले उफान पर हैं और जलभराव से जनजीवन प्रभावित हुआ है। विदिशा में बाढ़ के पानी में बच्चों समेत 17 लोग फंस गए, जिन्हें सुरक्षित निकालने का प्रयास किया जा रहा है। नर्मदापुरम में पांच, रायसेन में 4.9, राजगढ़ और शाजापुर में 4.5 तथा सीहोर में चार इंच बारिश हुई।

विदिशा में लगातार बारिश से बेतवा नदी उफान पर है। चरणतीर्थ घाट स्थित मंदिर तक पानी पहुंच गया है। प्रशासन ने नदी के आसपास के क्षेत्रों को खाली कराने की कार्रवाई शुरू की है और गृह रक्षक दल के जवान तैनात किए गए हैं।

सीहोर, शाजापुर, मंडला, ब्यावरा और बैरसिया में भी बारिश से कई रास्ते बंद हैं। ब्यावरा के रेलवे अधोमार्ग में पानी भरने से 25 गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ। रतलाम में तेज बारिश के बाद कई सड़कों पर नदी जैसा पानी बह रहा है।

**हर साल का सवाल- स्थायी समाधान कब?**

तेज बारिश ने एक बार फिर भोपाल की पुरानी समस्या सामने ला दी। निशातपुरा, छोला, करोंद और कोलार जैसे इलाके हर मानसून में जलभराव से जूझते हैं। अतिक्रमण, नालों में कचरा और अपर्याप्त स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज को इसकी प्रमुख वजह माना जाता है।

# शादी का वादा कर दुष्कर्म का आरोप, हनीट्रैप में फंसाने की धमकी

हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर, आरोपी ने भी अड़ीबाजी की शिकायत दर्ज कराई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में शादी का वादा कर युवती से दुष्कर्म करने और बाद में हनीट्रैप के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर थाने में समय रहते एफआईआर दर्ज नहीं होने के बाद उसने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का रुख किया।

अदालत के हस्तक्षेप के बाद कमला नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवक राजपाल अहिरवार सागर जिले का निवासी बताया गया है। पीड़िता भोपाल की रहने वाली है और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही है। दोनों भोपाल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान मिले थे। धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ीं। युवती का आरोप है कि राजपाल अहिरवार ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय बाद उसने शादी से इनकार कर दिया। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने कथित तौर पर उसे हनीट्रैप के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। याचिका में यह भी कहा गया है कि युवती गर्भवती हो गई थी और आरोपी द्वारा जबरन गर्भपात कराया गया।

### 10 जुलाई को थाने पहुंची थी युवती

युवती ने 10 जुलाई 2026 को कमलानगर थाने पहुंचकर शिकायत की थी। आरोप है कि थाना प्रभारी निरूपा पांडे, उपनिरीक्षक शैलेंद्र राजावत और महिला प्रधान आरक्षक डॉली चौरसिया आदि द्वारा तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की गई और हनीट्रैप केस दर्ज करने की धमकी दी गई। इसके बाद युवती ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई जस्टिस हिमांशु जोशी की एकल पीठ के समक्ष हुई। अदालत ने भोपाल पुलिस कमिश्नर से तीन दिन के भीतर शिकायत पर विधिसम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने राजपाल अहिरवार के खिलाफ दुष्कर्म संबंधी प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### आरोपी की शिकायत से मामला पेचीदा

दूसरी ओर, राजपाल अहिरवार ने भी युवती के खिलाफ सागर जिले के महरौली थाने में अड़ीबाजी (ब्लैकमेल) की शिकायत 8 जुलाई को दर्ज कराई है। उसने पुलिस को एक ऑडियो सौंपा है, जिसमें कथित तौर पर युवती द्वारा रुपये मांगने का दावा किया गया है। अब मामला दोतरफा आरोपों का हो गया है। एक तरफ युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और धमकी का आरोप लगाया है, वहीं आरोपी ने युवती पर अड़ीबाजी का आरोप लगाया है।

### जांच जारी

कमलानगर पुलिस दोनों पक्षों के बयान, मोबाइल बातचीत, ऑडियो, कॉल रिकॉर्ड और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की जांच कर रही है।

# भिक्षावृत्ति पर फिर सख्ती, कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में भिक्षावृत्ति पर एक बार फिर प्रशासन सख्ती करने जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सोमवार को समयावधि बैठक में अपर कलेक्टर और जिले के सभी एसडीएम को भिक्षावृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहर में भिक्षावृत्ति रोकने के लिए त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भिक्षावृत्ति से जुड़े मामलों की निगरानी की जाए और प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्रवाई करने पर जोर दिया गया है।

**सार्वजनिक स्थानों पर रहेगी नजरः** प्रशासन का फोकस प्रमुख चौराहों, बाजारों, धार्मिक स्थलों, यातायात सिग्नल और अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर रहने की संभावना है। अधिकारियों को भिक्षावृत्ति से जुड़े मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि प्रशासन के सामने चुनौती यह भी है कि कार्रवाई के साथ भिक्षावृत्ति करने वाले लोगों के पुनर्वास और उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों के मामलों में सामाजिक कल्याण विभाग सहित संबंधित एजेंसियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।



### पहले भी चल चुका है अभियान

भोपाल में भिक्षावृत्ति के खिलाफ पहले भी प्रशासन बड़े स्तर पर अभियान चला चुका है। तत्कालीन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के कार्यकाल में भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के तहत शहर में भिक्षा मांगने और देने दोनों पर रोक लगाने की दिशा में कार्रवाई की गई थी। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर भिक्षावृत्ति करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ उन्हें वैकल्पिक सहायता और पुनर्वास से जोड़ने के प्रयास भी किए गए थे। अब नए सिरे से मिले निर्देशों के बाद प्रशासनिक अमला शहर में भिक्षावृत्ति की स्थिति की निगरानी और कार्रवाई की तैयारी में जुटेगा।

# भेल के गेट नंबर-8 के पास झाड़ियों में मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब भेल गेट नंबर-8 के पास झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। शव करीब चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शव की हालत बेहद खराब थी और सिर तथा निजी अंग पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं।

गोविंदपुरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी पहचान के लिए आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की शिकायतों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। पुलिस को भेल गेट नंबर-8 के आसपास झाड़ियों में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। शव कई दिन पुराना होने के कारण उसकी स्थिति खराब हो चुकी थी।

शव मिलने की सूचना के बाद इलाके में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने क्षेत्र को सुरक्षित किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### हत्या की आशंका हर एंगल से जांच

पुलिस ने मामले को फिलहाल संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। शव की स्थिति और चोट के निशानों को देखते हुए हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। हालांकि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

जांच के दौरान पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक यहां कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। इसके अलावा पिछले कुछ दिनों में इलाके में आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों और वाहनों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

# पेट्रोल में पानी मिलाने का आरोप ग्राहक ने पंप पर किया हंगामा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र के 80 फीट रोड पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल में पानी मिलाकर बेचने का आरोप लगाते हुए एक ग्राहक ने सोमवार को हंगामा किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें ग्राहक पेट्रोल की गुणवत्ता को लेकर पंप कर्मचारियों से नाराजगी जताता नजर आ रहा है।

ग्राहक का आरोप है कि उसे दिए गए पेट्रोल में पानी मिला हुआ था। वाहन में डालने के बाद समस्या आने पर वह पंप वापस पहुंचा और कर्मचारियों के सामने शिकायत की। मौके पर विवाद की स्थिति बन गई।

### जांच से साफ होगी तस्वीर

पेट्रोल की गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति संबंधित विभाग द्वारा नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। यदि जांच में पानी या किसी अन्य प्रकार की मिलावट की पुष्टि होती है तो पंप के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई हो सकती है। घटना के बाद स्थानीय स्तर पर पेट्रोल पंपों पर ईंधन की गुणवत्ता जांच की मांग भी उठ रही है। फिलहाल पेट्रोल पंप संचालक की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।




### वीडियो में दिखा विवाद

वायरल वीडियो में ग्राहक पेट्रोल की गुणवत्ता पर सवाल उठाता दिखाई दे रहा है। वह आरोप लगा रहा है कि उसे खराब गुणवत्ता का पेट्रोल दिया गया। हालांकि, पेट्रोल में वास्तव में पानी की मिलावट थी या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है।




राजधानी में श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ रही।

# विभाजन की पीड़ा को मंच पर जीवंत करेगा सिंधी नाटक 'रेत का किला'

13 अगस्त की शाम संत हिरदाराम नगर में होगा मंचन, वरिष्ठ साहित्यकारों और समाजसेवी का सम्मान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विभाजन विभीषिका दिवस की पूर्व संध्या पर 13 अगस्त को संत हिरदाराम नगर स्थित नंदवानी भवन में सिंधी नाटक 'वारीअ संदो कोटु' (रेत का किला) का मंचन किया जाएगा। सिंधू दर्पण सांस्कृतिक संस्था की ओर से आयोजित नाटक का निर्देशन कविता इसरानी करेंगी। कार्यक्रम शाम 6.30 बजे से होगा।

नाटक के माध्यम से 1947 में हुए भारत विभाजन के दौरान सिंधी समाज की पीड़ा और संघर्ष को प्रस्तुत किया जाएगा। विभाजन के बाद सिंधी समाज के लोगों को अपनी जमीन, मकान और कारोबार छोड़कर अनजान स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा था। नाटक में विस्थापन के दर्द के साथ समाज के लोगों के साहस, मेहनत, ईमानदारी और संघर्ष से देश में स्थापित किए गए गौरवपूर्ण स्थान को भी दर्शाया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष कविता इसरानी और सदस्य सुरेश पारवानी ने देशप्रेमी नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर विभाजन के दौरान बिछड़ी मातृभूमि को स्मरण करने का आह्वान किया है। आयोजन के दौरान सिंधी समाज के वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं गीतकार बल्लू चोइथानी तथा वरिष्ठ समाजसेवी श्याम गोपालानी का सम्मान भी किया जाएगा।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड अरविन्द विहार, लहारपुर डेम बाग़ मुंगालिया भोपाल**

Phone No. 0755-2930001,E- Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in

क्रमांक 1144/ तक/ का.यं./ लो.स्वा./मैके. खण्ड/ भोपाल/2026/दिनांक 07/08/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 08/2026-27 दिनांक 07.08.2026 ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2026_PHED_527894_1 दिनांक 07.08.2026**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत् वर्ष 2026-27 के दौरान रायसेन जिले में विभागीय रिंग मशीनों से खनित किये जाने वाले सफल नलकूपों पर 55 नग प्लेटफार्म निर्माण कार्य हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 24.08.2026 सायं 17.00 बजे तक अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र Anne&ure2.10 पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन जमा करना होगा। निविदा दिनांक 25.08.2026 को सायं 17.15 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत रूपये 4,97,975/- (रूपये चार लाख सन्तयानवे हज़ार नो सौ पचहत्तर) मात्र है तथा प्रतिभूति राशि रूपये 9,960/- (रू. नो हज़ार नो सौ साठ) मात्र है। निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंटस) राशि रूपये 2000/- दिनांक 24.08.2026 सांय 17.00 बजे तक ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत बेबसाईटः https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। परशिष्ट/संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| कार्य का विवरण | टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | टेण्डर का मूल्य (रू.) | टेण्डर बिक्री की अंतिम तिथि | टेण्डर खुलने की तिथि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2026-27 के दौरान रायसेन जिले में विभागीय रिग मशीनों से खनित किये जाने वाले सफल नलकूपों पर 55 नग प्लेटफार्म निर्माण कार्य | 4,97,975.00 | 9,960.00 | 2,000.00 | 24.08.2026 17.00 तक | 25.08.2026 सायं 17.15 तक | अनुबंध दिनांक से 01 वर्ष |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्ते एवं विवरण वेब साइट पर https://mptenders.gov.in निविदा क्रमांक 2026_PHED_527894_1 दिनांक 07.08.2026 उपलब्ध हैं ।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड भोपाल

जी-16965/26



**कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग,भोपाल**

ईमेल- ce.tender.wrdmp@gmail.com
फोन- 0755-2767635 फेक्स-0755-2552406

**निविदा सूचना कमांक-1234/2026-27/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 06.08.2026**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.09.2026 को 17:30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्रं. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_WRD_525955 | सुठालिया सिंचाई परियोजना अंतर्गत डूब प्रभावितों हेतु ग्राम खैराड़ में मूलभूत सुविधाओं का विकास एवं निर्माण कार्य। | राजगढ़ | 517.48 |
| 2. | 2026_WRD_525957 | टर्न की पद्धति परः नरदहा बांध का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क केअनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | सतना | 718.61 |
| 3. | 2026_WRD_525958 | टर्न की पद्धति परः-रानीपुर बांध का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | सतना | 756.29 |
| 4. | 2026_WRD_525961 | कालियादेह स्टाप डेम योजना क्र. 01 एवं 02 का विशेष मरम्मत कार्य। | उज्जैन | 117.65 |
| 5. | 2026_WRD_525962 | ड्रिप-।। के अन्तर्गत साकल्दा लघु सिंचाई परियोजना का पुर्नवास एवं सुधार कार्य। | धार | 641.86 |
| 6. | 2026_WRD_525965 | ड्रिप-।। के अन्तर्गत रेतम बैराज मंदसौर पर 24 नग रेडियल गेट्स के पेंटिंग का कार्य। | उज्जैन | 87.07 |
| 7. | 2026_WRD_525967 | ड्रिप-।। के अन्तर्गत काका साहिब गाडगिल बांध पर रेडियल गेट्स की रबर सील वदलना और एपॉक्सी पेंटिंग का काम, साथ ही अन्य इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल कार्य। | उज्जैन | 175.18 |
| 8. | 2026_WRD_525968 | टर्न की पद्धति परः- लच्छासिर जलाशय (नहर रहित) के अंतर्गत बैलेंस वर्क में मिट्टी के बांध में नाला क्लोजर का कार्य, एप्रोच एवं स्पिल की खुदाई, फ्लशवॉर एवं 4 मी. शूटफॉल का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | सागर | 292.93 |

जी-16962/26
मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)